दिनांक 09.07.2026

# सूचना

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण/कर्मचारीगण को सूचित किया जाता है कि उ0 प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–12/81–5–2026/1991816, दिनांक 27.01.2026, शासनादेश संख्या–204/81–5–2026/2052619, दिनांक 30.05.2026 तथा शासनादेश संख्या–251/81–5–2026/1991816, दिनांक 17.06.2026, के कम में दिनांक 12 जूलाई, 2026 को सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 के अन्तर्गत 35 करोड़ पौधे रोपित किये जायेगें। उक्त महायज्ञ–26 के अन्तर्गत महाविद्यालय में भी कुल 600 पौधे रोपित होने है। जिसमें आपस सभी की सहभागिता अनिवार्य है।

डॉ0 रूस्तम अली
वृक्षारोपण प्रभारी

प्रतिहस्ताक्षरित

09.07.2026

प्राचार्य

प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही
जनपद-भदोही उ०प्र०,221401

दिनांक- 09.07.2026

## आदेश

महाविद्यालय के समस्त विभाग प्रभारियों को आदेशित किया जाता है कि वृक्षारोपण महायज्ञ–26 के अन्तर्गत आपके विभाग को 50 पौधे आवंटित किये गये है। अवंटित पौधों को अपने विभाग के छात्रों एवं कर्मचारियों के सहयोग से महाविद्यालय में खोदे गये गड्ढे में पौधों को रोपित करायें। साथ में रोपण के समय **HD** फोटो एवं जियोटैग (05–फोटो) एवं रोपण की आख्या **SPM** Media and ~~Activity~~ **Activity Whattsapp** ग्रूप में भेजें।

09.07.2026

प्राचार्य

प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही
जनपद-भदोही उ०प्र०,221401

1.हिन्दी विभाग

2.संस्कृत विभाग

3.अंग्रेजी विभाग

4.समाजशास्त्र विभाग

5.इतिहास विभाग

6.भूगोल विभाग

7.शारीरिक शिक्षा विभाग

8.वनस्पति विज्ञान विभाग

9.जन्तु विज्ञान विभाग

10.रसायन विज्ञान विभाग

11.भौतिक विज्ञान विभाग

12.गणित विभाग

दिनांक: 11.07.2026

# आदेश

कार्यालय, शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ० प्र०, प्रयागराज के आज्ञा संख्या: डिग्री विकास/06/2026-27 दिनांक-10/07/2026, उ० प्र० शासन के पत्र संख्या-1/1390749/2026/सत्तर-3-2026-1945996 दिनांक-09.07.2026 के साथ संलग्न मुख्य सचिव, उ० प्र० शासन के पत्र संख्या-309/81-5-2026/2052619 दिनांक 08.07.2026 के क्रम में-

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों/कर्मचारियों को आदेशित किया जाता है कि दिनांक 12.07.2026 (रविवार) को वृक्षारोपण महाभियान-2026 के अंतर्गत महाविद्यालय में 600 पौधे रोपित किये जाने हैं। जिसमें सभी की सहभागिता एवं उपस्थिति अनिवार्य है।

समय: सुबह 10:00 बजे

प्राचार्य

प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही
जनपद-भदोही उ०प्र०,221401

11/07/2026

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही

12 जुलाई 2026

महाविद्यालय में रविवार को शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशाल 'वृक्षारोपण महायज्ञ' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह महाअभियान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), रोवर्स रेंजर्स एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के सहयोग से कुल 600 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. माया के करकमलों द्वारा किया गया। उन्होंने परिसर में अमरूद का पौधा लगाकर इस पुनीत कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. माया ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। शासन की इस मंशा के अनुरूप महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हर नागरिक और छात्र को आगे आना होगा। उन्होंने रोपे गए पौधों की सुरक्षा और उनके नियमित सिंचन का संकल्प भी दिलाया।

इस महाअभियान के तहत महाविद्यालय परिसर और उसके आसपास के विभिन्न विभागों द्वारा सुनियोजित तरीके से कुल 600 पौधे लगाए गए। प्रकृति और आयुर्वेद के संतुलन को ध्यान में रखते हुए मुख्य रूप से  प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। औषधीय एवं छायादार वृक्षों में अर्जुन, आंवला, सेना कंजी तथा

फलदार एवं सुशोभित पौधों में अमरूद, गुलमोहर, लिप्टिस (यूकेलिप्टस) आदि के पौधे लगाए गए।

इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार के शिक्षक वर्ग, कर्मचारियों और भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुस्तम अली एवं डॉ. अंकिता तिवारी, रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनीश कुमार मिश्रा एवं डॉ. ऋत्विक रंजन सिंह, तथा क्रीड़ा प्रभारी श्री बृजेश कुमार उपस्थित रहे।

इसके साथ ही आईक्यूएसी (IQAC) प्रभारी रविंद्र कुमार पांडे, डॉ. अमर कृष्ण यादव, डॉ. अमित तिवारी, श्री आशीष जायसवाल, सुश्री पूनम द्विवेदी, और दिलीप कुमार बौद्ध आदि प्राध्यापकों व महाविद्यालय के कर्मचारियों ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए पौधे रोपे। छात्र-छात्राओं की भारी उपस्थिति और उनके पर्यावरण के प्रति उत्साह ने इस कार्यक्रम को वास्तव में एक 'महायज्ञ' का रूप दे दिया ।


डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय
भदोही
वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ - 2026
“एक पेड़ माँ के नाम”
Latitude: 25.377828
Longitude: 82.593887
Elevation: 65.38±30.2 m
Accuracy: 9.694 m
Time: 12-07-2026 10:47
Note: वृक्षारोपण महायज्ञ
Powered by NoteCam


Latitude: 25.377731
Longitude: 82.593965
Elevation: 93.78±13.0 m
Accuracy: 7.143 m
Time: 12-07-2026 10:51
Note: वृक्षारोपण महायज्ञ
Powered by NoteCam




कीय महाविद्यालय
महायज्ञ - 2026
के नाम”
- रेंजर्स /क्रीड़ा परिषद
प्रो० (डॉ०) माया
प्राचार्य


डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय
भदोही
वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ - 2026
"एक पेड़ माँ के नाम"
राष्ट्रीय सेवा योजना / रोवर्स - रेंजर्स / क्रीड़ा परिषद
के संयुक्त तत्वाधान में
डॉ0 रुस्तम अली
वृक्षारोपण प्रभारी
डॉ0 रवीन्द्र कुमार पाण्डेय
IQAC प्रभारी
प्रो0 (डॉ0) माया
प्राचार्या


शारीरिक शिक्षा
डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय
भदोही
वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ - 2026
"एक पेड़ माँ के नाम"
राष्ट्रीय सेवा योजना / रोवर्स - रेंजर्स / क्रीड़ा परिषद
के संयुक्त तत्वाधान में
डॉ0 रुस्तम अली
वृक्षारोपण प्रभारी
डॉ0 रवीन्द्र कुमार पाण्डेय
IQAC प्रभारी



# राजकीय महाविद्यालय भदोही में पोधे रोपते

## पर्यावरण संरक्षण के लिए समग्र प्रयास पर दिया जोर

**जागरण संवाददाता, भदोही:** सामुदायिक केंद्र भदोही के परिसर में विधायक जाहिद बेग ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए समग्र प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। नोडल अधिकारी डा. रतीश पाठक, चिकित्सा अधीक्षक डा. आरए सरोज, डा. अफरोज अंसारी, अफजाल अंसारी सहित अन्य थे। इसी तरह नगर पालिका की ओर से शहर के 16 स्थानों पर पौधारोपण किया गया। पालिकाध्यक्ष नरगिस अतहर ने रजपुरा कालोनी फेज-3 में पौधा रोपित कर अभियान की शुरुआत की। ईओ डीएस वर्मा, कर अधीक्षक अशोक कुमार मिथिलेश, सभासद अतहर अंसारी, गिरधारी जायसवाल, गुलाम हुसैन, हसीब खान, अजय दुबे, अरविंद मौर्य व अन्य थे। उधर दरोपुर स्थित मानस महिला महाविद्यालय परिसर में प्रबंधक सत्यशील जायसवाल व प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक जायसवाल के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। विनीत बरनवाल, सुभाष मौर्य, डा. मानवेंद्र प्रकाश मौर्य, डा.अरुण कुमार बिंद, अरविंद मौर्य आदि थे। मर्यादपट्टी कालीन भवन परिसर में एकमाध्यक्ष उमेश गुप्ता मुन्ना के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। मानद सचिव असीम अंसारी बाबी, जयप्रकाश गुप्ता, शाहिद अली, शमीम अंसारी आदि थे। इसी क्रम में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स रेंजर्स व क्रीड़ा विभाग की ओर से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।



सीएचसी परिसर में पौधा लगाते विधायक जाहिद बेग व अन्य ● जागरण



मानस महिला महाविद्यालय में पौधारोपण करते प्रबंधक व प्रबंध समिति के लोग ● जागरण

# रिपोर्ट-वृक्षारोपण अभियान-2026

**इस लॉगिन से किये गये कुल जियोटैग स्थलों की संख्या:- 4**

कालानुक्रमिक क्रम में - 10 जियोटैग स्थलों का विवरण दिखाया गया है। (यदि आप कुल स्थलों का विवरण देखना चाहते है तो http://20.33.102.107/HaritimaWeb/Login.aspx को गूगल क्रोम मे खोले)



Bhadohi [Nagar Paalika]

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही [अन्य]

600.0



Bhadohi [Nagar Paalika]

Dr shyama prasad mukherjee government degree college bhadohi [अन्य]

100.0



Bhadohi [Nagar Paalika]

Dr. Shyama Prasad mukherjee Rajki



Bhadohi [Nagar Paalika]

रामरायपुर [अन्य]

1.0